<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 12.05.2025 (दोपहर–1320 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ स्तर पर होनेवाली बैठक से पहले रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों के साथ की बैठक, संघर्ष विराम से जुड़े पहलुओं पर की चर्चा।
2. राज्य के सभी फार्मेसी संस्थानों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक अनिवार्य, उल्लघंन करने पर मान्यता होगी रद्द, पीसीआई का निर्देश।
3. खूंटी पुलिस ने नई दिल्ली में हयूमन ट्रैफिकिंग की शिकार दो युवतियों को कराया रेस्क्यू, एक मानव तस्कर और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार।
4. झारखंड समेत पूरे देश में आज मनाया जा रहा बुद्ध पूर्णिमा, मंदिरों में हो रहे विशेष अनुष्ठान, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।
5. 51वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में मेजबान वर्धा पर जीत दर्ज कर झारखंड बालिका टीम पहुंची सेमीफाइनल में।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने आवास पर डीजीएमओ बैठक से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेना के प्रमुखों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर पर संघर्ष विराम को लागू करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

इधर लेफ्टिनेंट जरनल राजीव चौपडा ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की संकल्पना आतंकियों, उन्हें संरक्षण देने वालों और आतंकी ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से की गई है।

******************

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अपने पत्र में श्री गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्धविराम को लेकर संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहराया है।

******************

राज्य के सभी मान्यता प्राप्त फार्मेसी कॉलेज में शिक्षकों, पदाधिकारियों और विद्यार्थियों के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया, पीसीआई ने इसे सख्ती से लागू करने के लिए सभी फार्मेसी कॉलेजों को 30 दिन का समय दिया है । जो फार्मेसी कॉलेज इसका उल्लंघन करेंगे, उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

******************

राज्य में पिछले ग्यारह दिनों से डीजीपी का पद खाली होने से संवैधानिक संकट की स्थिति है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अजय साह ने इस मामले में केंद्र सरकार, गृह मंत्रालय, सर्वोच्य न्यायालय और यूपीसीएसी के निर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप राज्य सरकार पर लगाया।

******************

राजभवन सचिवालय ने रांची विश्वविद्यालय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची, झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय और जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर राजभवन सचिवालय ने इन चारों विश्वविद्यालय में कुलपति पद की अहर्ता रखने वाले योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से 25 मई तक आवेदन मांगे हैं।

******************

झारखंड उच्च न्यायालय में आज से छह जून तक के लिए ग्रीष्मावकाश शुरू हो गई है। इस दौरान अदालत में जरूरी सिविल तथा आपराधिक मामलों की सुवनाई के लिए नौ दिनों की विशेष वैकेशन कोर्ट कार्य करेगी। इस दौरान न्यायिक कार्य जारी रहेंगे, ताकि आवश्यक मामला का समाधान समय पर किया जा सके।

******************

राज्य में चालू वित्तीय वर्ष में पांच लाख छियत्तर हजार शौचालय बनाए जाएंगे. वहीं, ग्राम स्तर पर निर्मित शौचालयों के नियमित उपयोग, रख–रखाव, स्वच्छता और ठोस तथा तरल कचरा प्रबंधन के लिए जन जागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके साथ लगभग बाइस हजार ओडीएफ प्लस गांवों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन की योजना भी शुरू की जाएगी।

******************

पाकुड़ जिले में प्रोजेक्ट जागृति के तहत रक्दान शिविर लगाए जा रहे हैं।

******************

खूंटी जिला पुलिस ने नई दिल्ली में ह्यूमन ट्रैफिकिंग की शिकार दो युवतियों को सकुशल रेस्क्यू किया है। इस दौरान पुलिस ने एक मानव तस्कर और सामूहिक दुष्कर्म के एक आऱोपी को भी गिरफ्तार किया है।

******************

राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में दो युवकों की हत्या किए जाने का मामला सामने आय़ा है। पुलिस ने गरसुल बांध के समीप से दोनों शवों को बरामद किया है।

******************

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होने के बाद आज घरेलू शेयर बाजार हरे निशान में खुला। अंतिम समाचार मिलने तक 790 अंकों की उछाल के साथ निफ्टी 26 हजार 798 अंक और दो हजार पांच सौ 25 अंकों की बढ़त के साथ सेंसेक्स 81 हजार नौ सौ 92 अंक पर कारोबार कर रहा है।

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार 300 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

आज झारखंड समेत पूरे देशभर में बुद्ध पूर्णिमा मनाई जा रही है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोगों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी है।

इधर दुमका में बड़ी संख्या में ने श्रद्धालुओं गंगा स्नान कर बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। बासुकीनाथ धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष और पुराहित मनोज पांडा ने कहा कि बुद्धपूर्णिमा का दिन सभी के लिए विशेष महत्व रखता है।

******************

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद हर वर्ष इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाता है।

******************

महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित 51 वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मेजबान वर्धा पर शानदार जीत दर्ज कर झारखंड बालिका टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। झारखंड की इस जीत पर झारखंड राज्य कबड्डी संघ ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। संघ ने कहा कि झारखंड टीम इस बार खिताब की प्रबल दावेदार है।